आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	13	9	4	18
गुजरात	13	8	5	16
हैदराबाद	13	8	5	16
पंजाब	13	6	6	13
राजस्थान	12	6	6	12
चेन्नई	13	6	7	12
दिल्ली	13	6	7	12
कोलकाता	12	5	6	11
मुंबई	12	4	8	8
लखनऊ	12	4	8	8

ऑरेंज कैप	पर्पल कैप
हेनरिक क्लासेन	भुवनेश्वर कुमार
555 रन	24 विकेट
हैदराबाद	बेंगलुरु

खबर संक्षेप



आरआर के लिए आज करो या मरो का मुकाबला

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखना है तो उसे लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आईपीएल के मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। रॉयल्स ने अपने घरेलू मैदान सवाई मानसिंह स्टेडियम में अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है और यहां होने वाला अंतिम मैच घरेलू टीम के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। रॉयल्स इसके बाद लीग चरण के अपने अंतिम मैच में मुंबई इंडियंस का सामना करेगा। मैच शाम 7.30 बजे से।

सनराइजर्स ने सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया, ईशान और क्लासेन ने खेली तूफानी पारी

चेपॉक में हारी चेन्नई, प्लेऑफ में हैदराबाद

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ईशान किशन के 70 रन और पैट कमिंस के 3 विकेट की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराकर आईपीएल में प्लेआफ में जगह पक्की कर ली। जीत के लिए 181 रन का लक्ष्य चेपॉक की धीमी विकेट पर आसान नहीं था। ईशान ने हालांकि 47 गेंद की अपनी पारी में 7 चौके और 3 छक्के लगाकर इसे आसान बना दिया।

हेनरिच क्लासेन ने 26 गेंद में 47 रन बनाए और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी करके हैदराबाद को 19 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स के अब 16 अंक है और उसे एक मैच और खेलना है। इस नतीजे के बाद गुजरात टाइटंस (16 अंक) भी प्लेआफ में पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (18 अंक) पहले ही प्लेआफ में पहुंच चुकी है और अब बस एक स्थान के लिए मुकाबला है। चेन्नई के 13 मैचों में 12 अंक है और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं हुई है।

पाइंट टेबल में सनराइजर्स के 16 अंक

मैदान में हाई-वोल्टेज ड्रामा भिड़े सैमसन और क्लासेन

चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेल गए मुकाबले में उस वक्त हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जब सीएसके के विकेटकीपर संजू सैमसन और हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन बीच मैदान पर आपस में भिड़ गए। पारी के 15वें ओवर में क्लासेन के आउट होने के तुरंत बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। मैदान का माहौल इतना गर्म हो गया था कि मैच को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा और अंपायर्स को बीच-बचाव के लिए आगे आना पड़ा।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स	रन	गेंद	4	6
सैमसन का किशन बो कमिंस	27	13	5	1
गायकवाड़ का मलिंगा बो कमिंस	15	21	0	0
उर्विल पटेल बो हुसैन	13	08	0	2
कार्तिक का रेड्डी बो कमिंस	32	19	3	2
डेवाल्ड ब्रेविस बो मलिंगा	44	27	2	4
शिवम दुबे बो हुसैन	26	23	3	1
प्रशांत वीर का और बो डिंगे	11	09	2	0
अकील हुसैन नाबाद	03	01	0	0

अतिरिक्त : 9 रन, योग : 20 ओवर में 180/7 रन
गेंदबाजी : रेड्डी 2-0-35-0, डिंगे 3-0-37-1, कमिंस 4-0-28-3, मलिंगा 4-0-26-1, हुसैन 4-0-34-2, शिवांग 3-0-20-0

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
अभिषेक का जॉनसन बो हुसैन	26	21	3	1
हेड का और बो मुकेश	6	6	1	0
ईशान का पटेल बो कम्बोज	70	47	7	3
क्लासेन स्ट सैमसन बो नूर	47	26	6	2
रेड्डी का पटेल बो मुकेश	11	07	1	0
सलिल अरोड़ा नाबाद	10	05	0	1
रविंद्रन स्मरण नाबाद	05	02	0	1

अतिरिक्त : 6 रन, योग : 19 ओवर में 181/5 रन
गेंदबाजी : मुकेश 4-0-36- 2, जॉनसन 3-0-26-0, कम्बोज 4-0-46-1, नूर 4-0-40-1, हुसैन 3-0-21-1, दुबे 1-0-12-0

हार्दिक से आगे निकले कमिंस

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के संजू सैमसन, ऋतुराज गायकवाड़ और कार्तिक शर्मा को पवेलियन भेजा। कार्तिक को आउट करके कमिंस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। कमिंस आईपीएल में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट वाले कप्तान बन गए। आईपीएल में बतौर कप्तान पैट कमिंस के 42 विकेट हो गए हैं। एमआई के कप्तान हार्दिक पंड्या के 40 विकेट हैं। सबसे ज्यादा विकेट दिवंगत शेन वॉर्न के नाम हैं। बतौर कप्तान अनिल कुंबले ने 30 विकेट लिए हैं। रविचंद्रन अश्विन ने 25 और जहीर खान ने 20 विकेट लिए हैं।

धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 14, 17 और 20 जून को वनडे

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को जब राष्ट्रीय चयनकर्ता भारतीय टीम का चयन करेंगे, तब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन (खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए शारीरिक और मानसिक दबाव को नियंत्रित करने की प्रक्रिया) और रोहित शर्मा की मैच फिटनेस पर विशेष चर्चा होगी।

आईपीएल का फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाना है, जबकि एक सप्ताह से भी कम समय के अंतराल पर 6 जून से मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) में अफगानिस्तान दौरे का एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे।

रोहित की फिटनेस चिंता का विषय

इस बात की संभावना कम है कि बुमराह को दोनों प्रारुपों के लिए चुना जाएगा, क्योंकि वनडे में उन्हें तुरंत खिलाने की कोई जल्दबाजी नहीं है। 50 ओवर का विश्व कप अभी काफी दूर है (अक्टूबर-नवंबर 2027)। वहीं, रोहित शर्मा की फिटनेस भी चिंता का विषय बनी हुई है। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह मुंबई इंडियंस के कई मुकाबलों से बाहर रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी उन्होंने केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी की थी। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें तभी टीम में शामिल करेंगे, जब वह पूरी तरह फिट होंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ भारत खेलेगी सीरीज

विराट के खेलने की पूरी संभावना

दूसरी ओर, विराट कोहली ने आईपीएल में शानदार फॉर्म दिखाकर अपनी उपयोगिता फिर साबित की है। रोहित की तरह अब केवल एक प्रारुप खेलने वाले कोहली के अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खेलने की पूरी संभावना है। सबसे अधिक महत्व एकमात्र टेस्ट मुकाबले को दिया जा रहा है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम पारंपरिक प्रारुप में, खासकर घरेलू परिस्थितियों में, संघर्ष करती नजर आई है। बल्लेबाजों की स्पिन-अनुकूल पिचों पर कमजोरियां लगातार सामने आई हैं। पिछले वर्ष नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में यह समस्या खुलकर उजागर हुई थी।

आजमाया जा सकता हैं प्रिंस यादव को

देवदत्त पडिक्कल को घरेलू सत्र की शुरुआत से लगातार मौके दिए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाले आकिब नबी भी चयनकर्ताओं की चर्चा का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे सत्र में 60 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को वनडे श्रृंखला में आजमाया जा सकता है।

कैंप नोउ में जीता बार्सिलोना, लेवांडोव्स्की को यादगार विदाई



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

स्पेनिश चैंपियन बार्सिलोना ने रियाल बेटिस पर 3-1 की जीत के साथ घरेलू मैदान पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा और अपने स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को यादगार विदाई दी। बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान कैंप नोउ में इस सत्र में खेले गए ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट के सभी 19 मैच जीते। यह उसका अपने घरेलू मैदान पर इस सत्र का आखिरी मैच था। राफिन्हा के दो गोल और जोआओ कैंसलो के एक गोल ने स्पेनिश लीग में बार्सिलोना को घरेलू मैदान पर अजेय बनाए रखा। बार्सिलोना ने दो दौर पहले ही लगातार दूसरी बार लीग खिताब अपने नाम कर लिया था। अभी एक दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

आरोन राय ने रचा इतिहास, जीता पीजीए चैंपियनशिप का खिताब

9 अंडर का स्कोर बनाकर लगाए 3 शॉट



एजेंसी ▶▶| न्यूटाउन स्क्वायर

भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने अंतिम दौर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन शॉट से पीजीए चैंपियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया।

वह पिछली एक सदी से भी अधिक समय में इंग्लैंड में जन्मे पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यह प्रतियोगिता जीती है। राय पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर बनना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने गोल्फ को अपनाया। राय इस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर थे लेकिन अब वह 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। राय ने पार-5 वाले नौवें होल पर 40 फुट का ईगल पुट लगाया। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा खेल जारी रखा और पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ समापन किया। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाकर तीन शॉट से खिताब जीता।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा करेंगी कप्तानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सोमवार को चुनी गई भारतीय महिला टीम में पहली बार फॉरवर्ड ललथांतलुआंगी को मौका मिला है। पर्थ में 26 से 30 मई तक होने वाला यह दौरा एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 15 से 21 जून के बीच ऑकलैंड में आयोजित होगा। भारतीय टीम इस दौरे में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। इसी वर्ष अर्जेंटीना दौरे पर टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चार मैचों की श्रृंखला में दो मुकाबले अपने नाम किए थे। सलीमा टेटे के नेतृत्व में टीम को अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण मिलेगा।

युवा चेहरे अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार

2022 राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता सलीमा के साथ सविता, सुशीला चानू पुखरामबाम, लालरेमसियामी और नवनीत कौर जैसी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद रहेंगी। वहीं सोनम, हीना बानो और ललथांतलुआंगी जैसे युवा चेहरे भी अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं। सविता और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग विभाग में टीम की मजबूत दीवार होंगी।

punjab national bank पंजाब नैशनल बैंक
मंडल कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नंबर 46, सेक्टर 24, नया रायपुर 492018, ई-मेल: coraigad@pnb.bank.in, फो.: 0771-2210427

परिसर की आवश्यकता

पंजाब नैशनल बैंक को निम्नलिखित स्थान में पट्टे / किराए पर उपयुक्त रूप से तैयार और अच्छी तरह से निर्मित हॉल साथ ही खाली प्लॉट के साथ **शाखा कार्यालय धमतरी (डी. नं 154920)** के लिए एक भवन की आवश्यकता है, जिसमे एटीएम के लिए उपर्युक्त स्थान हो:-

क्र. सं.	स्थान	जिला	आवश्यक अनुमानित कारपेट एरिया (स्के.फीट)
1.	**टिकरापारा / रत्नबांधा, धमतरी एवं वर्तमान शाखा के 1000 मीटर के परिक्षेत्र में मेन रोड पर अवस्थित हो।**	**धमतरी, (छ.ग.)**	**1480-1900 वर्गफीट**

भूतल पर स्थित परिसर को वरीयता दी जाएगी और यदि पहली मंजिल पर हो तो लिफ्ट की सुविधा अनिवार्य है। प्रस्तावित परिसर में वैधानिक प्राधिकारियों से सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र होने चाहिए। वांछित स्थान में ऐसे परिसरों के इच्छुक मालिक/पंजीकृत मुख्तारनामा धारक जो तत्काल उपलब्ध परिसरों को लंबी अवधि के पट्टे के आधार पर 15 वर्ष या उससे अधिक समय के लिए पट्टे पर देने हेतु तैयार हैं, वे अपने प्रस्ताव को बैंक की वेबसाइट **www.pnb.bank.in** पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में भेज सकते हैं या इसे कार्यालय समय के दौरान उपरोक्त पते से प्राप्त कर सकते है। पूर्ण प्रस्ताव विधिवत मुहरबंद और हस्ताक्षरित हो एवं अधोहस्ताक्षरी के पास **दिनांक 30/05/2026 (दिन शनिवार) को अपराहन 03.00 बजे** या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए। खाली भूखंड तभी स्वीकार किया जाएगा जब भूस्वामी निर्धारित समय के भीतर बैंक के मानदंडों के अनुसार अपने खर्च पर भवन का निर्माण करेगा।
बैंक द्वारा किसी ब्रोकरेज का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैंक अपने पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को अपने विवेकाधिकार से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
दिनांक : 19.05.2026 — **मंडल प्रमुख**

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 48, सेक्टर-24, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492101
ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

ई-नीलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना (ई-नीलामी तिथि 09.06.2026)

हमारी शाखा द्वारा जब्त किये गये वाहनों का "जहाँ है जैसा है" आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

क्र.	शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम	वाहन का विवरण	आरक्षित मूल्य / ई.एम.डी. / बोली वृद्धि राशि
1.	अंबिकापुर शाखा:- श्री ओम प्रकाश पिता श्री मोती राम	ट्रैक्टर :- 1. VEHICLE NO: CG15EB9928 MAKE AND MODEL GROMAX AGRI EQUIPMENT LTD/ TRAKSTAR 536. 2. Chassis no: M9KATABAANVA02275 3. Engine no: NNA2DEJ0046	₹ 2,43,000 ₹ 24,300 ₹ 2000
2.	कांकेर शाखा:- श्री रामोतिन बाई नेताम	ट्रैक्टर :- 1. VEHICLE NO: CG19BK9778, 2. MAKE AND MODEL: TAFE MOTORS & TRACTORS LTD MF 241 DI (2017), 3. CHASSIS NO: MEA8D061FH2141144, 4. ENGINE NO: S3251H83431, THRESHER: 4 FAN GURU HINDUSTAN.	₹ 3,12,000 ₹ 31,200 ₹ 2000
3.	कांकेर शाखा:- श्री लाचनराम	ट्रैक्टर :- 1. VEHICLE NO: CG05AE0165, 2. MAKE AND MODEL: ESCORTS LTD-FARMTRAC6050 UMX(2017), 3. CHASSIS NO: T052382279KF, 4. ENGINE NO: E2387679	₹ 2,64,000 ₹ 26,400 ₹ 2000
4.	कांकेर शाखा:- श्री महेश बघेल	पिक अप:- 1. VEHICLE NO: CG19BG0478, 2. MAKE AND MODEL: TATA ACE HT BSIV, 3. CHASSIS NO: MAT445553HZF20626, 4. ENGINE NO: 275ID07FSYS56875	₹ 1,47,000 ₹ 14,700 ₹ 2000
5.	कांकेर शाखा:- श्री भारत भूषण शर्मा पिता रामनारायण शर्मा	पिक अप:- 1. VEHICLE NO: CG19BH0198, 2. MAKE AND MODEL: TATA PICK UP207RX BS IV WITH LOAD BODY(2018). 3. CHASSIS NO: MAT478014JSC03123, 4. ENGINE NO: 4SPCR10CRY612412	₹ 1,96,000 ₹ 19,600 ₹ 2000
6.	कांकेर शाखा:- श्री सुकल सिंह कावडे	ट्रैक्टर :- 1. VEHICLE NO: CG19BK9157, 2. MAKE AND MODEL: TAFE MOTORS & TRACTORS LTD MF 241 DI (2019), 3. CHASSIS NO: MEAD061FJ196505, 4. ENGINE NO: S3251J62427	₹ 2,45,000 ₹ 24,500 ₹ 2000

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें 1. नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्रि कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं mstc/ibapi के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य उद्धत किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। वाहन निरीक्षण के लिए कृपया अंबिकापुर शाखा :- श्री गोकुल सिंह मेहरा 8962582747, कांकेर शाखा :- श्री रोहित कुर्रे- 9691011075.
दिनांक:19.05.2026, स्थान: रायपुर (छ.ग.), — अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
राजनांदगांव शाखा :-फव्वारा चौक, दिग्विजय कॉलेज रोड, राजनांदगांव छ.ग.

मांग सूचना

निम्नलिखित उधारकर्त्ताओं एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से जो ऋण लिया है उसके मूलधन और ब्याज के पुर्नभुगतान में चूक की है जिस कारण उनका खाता अनर्जक आस्ति (NPA) में परिवर्तित हो गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(2) के तहत इन सभी को उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण/लागू होने वाली सुरक्षित सम्पत्ति का पता	नोटिस की तिथि / एन.पी.ए. की तिथि	बकाया राशि (नोटिस की तिथि के अनुसार)
उधारकर्ता:-मैसर्स. साई फ्लाई ऐश ब्रिक्स, ग्राम-लिटिया राजनांदगांव, छ.ग.-491441। प्रोप. श्री विष्णु पटेल पिता बलिराम पटेल, वार्ड क्रमांक 16, तुलसीपुर, राजनांदगांव, छ.ग.-491441	साम्यिक बंधक वाली भूमि, भवन निर्मित, शेड एवं ढांचा सहित खसरा संख्या 702/1, प.ह.नं. 47, ग्राम लिटिया तहसील एवं जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 65,340.00 वर्ग फुट जो श्री विष्णु पटेल के नाम पर स्थित है।	**17-04-2026** **28-02-2026**	**₹ 632762.61/-** + ब्याज + अन्य खर्चे दिनांक 17-04-2026 से

इन्हें सूचित करने के लिये अन्य वैकल्पिक माध्यमों के द्वारा उपाय किये जा रहे हैं। उधारकर्त्ता और उनके जमानतदारों (जहाँ लागू हो) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि का भुगतान कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिनों के पश्चात वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002 की धारा 13(4) के तहत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
दिनांक : 19.05.2026, स्थान : राजनांदगांव — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

pnb पंजाब नैशनल बैंक
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, रायपुर (छ.ग.)
ई-नीलामी तिथि - 08.06.2026
समय: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री
APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 8(6)]

वित्तीय अस्तीयो के प्रतिभूतिकरण व पूर्ननिर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अचल संपत्तियों की ई-निलामी सूचना सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत जारी की जा रही है। इस सूचना के द्वारा उधारकर्ताओं, जमानतदाताओं तथा आम जनता को सूचित किया जाता है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं इन संपत्तियों को बैंक के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक /सांकेतिक द्वारा अधिकार में ले लिया गया है। इन संपत्तियों की विक्रय "जहाँ है जैसा है" "जो भी है जैसा भी है" नीचे दिये कॉलमो में वर्णित तिथि में बैंक/सुरक्षित लेनदार के देय राशि उधारकर्ताओं तथा जमानतदारो से वसुली के लिए किया जा रहे है। आरक्षित मूल्य तथा ब्याना राशि नीचे तालिका में संपत्तियों के समस्त दर्शाई गई है।

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसुची

क्र.	खाताधारक का नाम / उधारकर्ता / जमानतदार का नाम व पता / शाखा का नाम	बंधक चल/अचल संपत्तियों का विवरण / मालिक का नाम	1) 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि 2) बकाया राशि 3) कब्जा तिथि सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 13(4) के तहत 4) कब्जा की प्रकृति	आरक्षित मूल्य / ईएमडी (लाख में) / बोली वृद्धि राशि-10000/- प्रत्येक संपति के लिये
1	उधारकर्ता: श्री एग्रो टेक, पार्टनर्स - श्री राजनारायण मिश्रा पिता स्व. रमाशंकर मिश्रा, स्व. अर्चना मिश्रा पति स्व. राजनारायण मिश्रा, बंधककर्ता-श्रीमती कविता मिश्रा पति देवनारायण मिश्रा, श्रीमती सुमन मिश्रा पति स्व. बालकृष्ण मिश्रा एवं मेसर्स श्री इंडस्ट्रीज, शाखा-टाटीबंध, रायपुर (768400), संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनेश्वर राम, 6207257725	औद्योगिक भूमि एवं शेड स्थित प.ह नं 102/32, ग्राम तेंदुआ, आरआईसी धरसीवा, तहसील एवं जिला - रायपुर :- 1) खसरा नं 353/3, नया खसरा नं 353/3, क्षेत्रफल - 0.139 हेक्टेयर, मालिकाना हक - श्रीमती कविता देवी मिश्रा पति श्री देव नारायण मिश्रा, 2) खसरा नं 353/3 का भाग, नया खसरा नं 353/6, क्षेत्रफल - 0.093 हेक्टेयर, मालिकाना हक - श्रीमती सुमन मिश्रा पति श्री बालकृष्ण मिश्रा 3) खसरा नं 349/5 का भाग, नया खसरा नं 349/11, क्षेत्रफल - 0.056 हेक्टेयर, मालिकाना हक - मेसर्स श्री इंडस्ट्रीज द्वारा श्री महेन्द्र प्रसाद मिश्रा पिता श्री अवधेश नारायण मिश्रा. कुल क्षेत्रफल - 0.288 हेक्टेयर, भौगोलिक निर्देशांक - 21.295789, 81.584187	1) 27-07-2021 2) रू 2,11,35,654.21 + दिनांक 27.07.2021 से ब्याज प्रभावी 3) 04.03.22 को सांकेतिक कब्जा	रू 176.76 लाख रू 17.68 लाख
2	उधारकर्ता: मेसर्स डी ए इंटरप्राइजेज, प्रो.- श्री धीरज जादवानी, शाखा- स्टेशन रोड 106600, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनंजय कुमार, 9729791068	कार्यालय नं -1) कार्यालय संख्या 221, खसरा नं 439/1 (भाग), क्षेत्रफल 300 वर्गफुट, लाल गंगा मेंशन, वार्ड संख्या 37, जवाहर नगर, आरएनएम- रायपुर, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर पर स्थित संपत्ति. सीमाएं :- उत्तर-कोरिडोर, दक्षिण -रोड , पूर्व - कार्यालय संख्या -222, पश्चिम - कार्यालय संख्या 220, भौगोलिक निर्देशांक - 21.247357, 81.634051	1) 25-11-2021 2) रू 47,57,449.00 + दिनांक 01-11-2021 से ब्याज प्रभावी 3) 30-08-22 को सांकेतिक कब्जा	रू 14.54 लाख रू 1.45 लाख
		कार्यालय नं -2) कार्यालय संख्या 18, खसरा नं 439 (भाग), क्षेत्र 205 वर्गफुट, लाल गंगा मेंशन, वार्ड संख्या 37, जवाहर नगर, रायपुर आरएनएम - रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर. सीमाएं :- उत्तर - कार्यालय नंबर 19, दक्षिण- कार्यालय नंबर -17, पूर्व-पैसेज, पश्चिम - आसमान की ओर खुला, भौगोलिक निर्देशांक - 21.247357, 81.634051 *नोट: एस.ए. क्रमांक 704/2023 एवं एम.ए. क्रमांक 52/2025 दोनों संपत्तियों के संबंध में लंबित हैं।		रू 11.50 लाख रू 1.15 लाख
3	उधारकर्ता: श्रीमती स्नेहलता जैन पति श्री संजय कुमार जैन, सह-उधारकर्ता: सुश्री श्रेया जैन पिता श्री संजय कुमार जैन, शाखा – दुर्ग (079610), संपर्क :वसूली अधिकारी- श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493	आवासीय फ्लैट नंबर: 407, चौथी मंजिल, ब्लॉक-ए, वंदे मातरम् अपार्टमेंट, स्मृति नगर, वार्ड नंबर 02, जुनवानी, भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग. क्षेत्रफल: 900 वर्ग फीट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक: श्रीमती स्नेहलता जैन पति श्री संजय कुमार जैन.सीमाएं: उत्तर – विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण – फ्लैट नं. 406, पूर्व – फ्लैट नं. 408, पश्चिम – विक्रेता की शेष भूमि. भौगोलिक निर्देशांक: 21.213606, 81.324970	1) 06-09-2022 2) रू 31,57,523.12 + दिनांक 06-09-2022 से ब्याज प्रभावी 3) 08-01-25 को भौतिक कब्जा	रू 29.16 लाख रू 2.91 लाख
4	उधारकर्ता - मेसर्स जीसीसी फूड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, निदेशक (ओ) - श्री योगेश कुमार गोयल, श्री सुरेश कुमार गोयल व सुश्री सरिता गोयल एवं जमानतदारों- श्री रमन गोयल, श्रीमती मोनिका गोयल एवं श्रीमती कौशल्या गोयल, शाखा-पंडरी (रायपुर) - 152520, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्रीमती दुर्गावती कुमारी, 7632986606	संपत्ति क्रमांक 1) फैक्टरी एवं भूमि - खसरा नं 195/13-14, 247/2, 250/2-3-5, 256 (भाग), क्षेत्रफल - 14114 वर्गफुट, प.ह नं. 102/31, ग्राम - बाना, तेंदुआ रोड, प्राइम इस्पात के पास, आरएनएम- धरसीवा, मेसर्स जीसीसी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर संपत्ति, मालिकाना हक - श्री सुरेश कुमार गोयल । सीमाएँ - उत्तर: शकुन निषाद की भूमि, दक्षिण: सड़क (हीरापुर से उरला), पूर्व: विक्रेता की भूमि, पश्चिम: जीसीसी मिनरल वाटर प्राइवेट लिमिटेड की भूमि भौगोलिक निर्देशांक - 21.315703, 81.557021 *(संपत्ति क्रमांक 1 एवं 2 दोनों साथ में बेचीं जायेगी)	1) 02-02-2023 2) रू 4,44,89,975.25 + दिनांक 31-01-2023 से ब्याज प्रभावी 3) 10-02-26 को भौतिक कब्जा	रू 127.03 लाख रू 12.71 लाख
		संपत्ति क्रमांक 2) प्लांट एवं मशीनरी - खसरा नं 195/13-14, 247/2, 250/2-3-5, 256 (भाग), प.ह नं. 102/31, ग्राम - बाना, तेंदुआ रोड, प्राइम इस्पात के पास, आरएनएम- धरसीवा, मेसर्स जीसीसी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर संपत्ति, मालिकाना हक - श्री सुरेश कुमार गोयल । भौगोलिक निर्देशांक - 21.315703, 81.557021 *(संपत्ति क्रमांक 1 एवं 2 दोनों साथ में बेचीं जायेगी) *नोट: एस.ए. क्रमांक 790/2023 दोनों संपत्तियों के संबंध में लंबित हैं।		रू 57.96 लाख रू 5.80 लाख
5	उधारकर्ता: मेसर्स पंकज इंटरनेशनल, प्रोप.- श्री सतीश शर्मा पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा, जमानतदार - श्रीमती रेखा शर्मा पति श्री कमलेश कुमार शर्मा, श्री कमलेश शर्मा पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती आशा शर्मा पति श्री सतीश शर्मा, शाखा- जयस्तंभ चौक, रायपुर (039900), संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री पवन कश्यप, 9770780508	संपत्ति क्रमांक 1) परिवर्तित भूमि पर व्यावसायिक इकाई - खसरा नंबर 748, प.ह नंबर-13, मौजा-अकलोडीह, अकलोडीह, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन 490025 में क्षेत्रफल: 47275 वर्ग फुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री सतीश शर्मा पिता श्री महावीर प्रसाद शर्मा। सीमाए- उत्तर: बंशी की भूमि, दक्षिण: भिलाई ग्रामोद्योग उत्थान, पूर्व: जार्वे खार, पश्चिम: नाला; भौगोलिक निर्देशांक: 21.241612, 81.423503 संपत्ति क्रमांक 2) आवासीय मकान - प्लॉट नंबर ए-3(3), प.ह नंबर 103, सेक्टर-1, शहीद भगत सिंह वार्ड नंबर 13, उदय सोसायटी, टाटीबंध, उदय सहकारी गृह निर्माण समिति के अंतर्गत, टाटीबंध, रायपुर, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन 492001 में क्षेत्रफल: 4000 वर्ग फीट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्रीमती रेखा शर्मा पति श्री कमलेश शर्मा। सीमाएं- उत्तर: 30 फीट रोड, दक्षिण: प्लॉट नबर ए-3 (10), पूर्व: प्लॉट नंबर ए-3 (4), पश्चिम: प्लॉट नबर ए-3 (2); भौगोलिक निर्देशांक: 21.264375, 81.573670	1) 04.11.2020 2) रू 4,59,90,574.03 + दिनांक 04.11.2020 से ब्याज प्रभावी 3) 24.09.24 को भौतिक कब्जा (व्यावसायिक इकाई के लिए) एवं 09.09.21 को प्रतीकात्मक कब्जा (आवासीय मकान के लिए)	रू 207.00 लाख रू 20.70 लाख (संपत्ति 1 के लिए) रू 132.00 लाख रू 13.20 लाख (संपत्ति 2 के लिए)
6	उधारकर्ता - मेसर्स गुप्ता पंप हाउस, प्रो.- श्री दिलीप गुप्ता पिता श्री पन्नालाल गुप्ता, शाखा: बोरसी (205910), संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री धनंजय कुमार, 9729791068	आवासीय प्लॉट - खसरा नं. 82/1, प.ह नंबर 18/25, डिपारा पारा, कसारडीह, दुर्ग में प्लॉट का क्षेत्र -1305 वर्ग फुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री दिलीप गुप्ता पिता श्री पन्नालाल गुप्ता । सीमाएँ: उत्तर: सड़क, दक्षिण: विक्रेता (संतोष देवी सेठिया) की शेष भूमि, पूर्व: अन्य का मकान, पश्चिम: विक्रेता (संतोष देवी सेठिया) की शेष भूमि, । भौगोलिक निर्देशांक: 21.179296, 81.372357	1) 26-04-2017 2) रू 15,72,942.00 + ब्याज एवं अन्य शुल्क 3) 06-07-17 को सांकेतिक कब्जा	रू 19.96 लाख रू 1.99 लाख

अधिक विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें : श्री रघुबंश नारायण सिंह- 8789388472 - एआरएमबी, रायपुर, दूरभाष क्र. - 0771-2210433/35

नोट:- 1) कृपया अमानत राशि जमा करने से पूर्व प्रॉपर्टी से जुड़े सभी दस्तावेजों की पड़ताल सुनिश्चित करें
2) उपरोक्त सभी अचल संपत्तियों से संबंधित सभी सरकारी कार्यालयों का लंबित बकाया (संपत्ति, पानी, बिजली आदि) खर्च क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा

महत्वपूर्ण नोट:- 1. नीलामी बिक्री "ई-नीलामी" पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन होगी। 2. इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर और ईमेल-आईडी का उपयोग करके पोर्टल (https://baanknet.com) पर पंजीकरण करें इसके अलावा, उनसे अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज़ अपलोड करने का अनुरोध किया जाता है। एक बार जब केवाईसी दस्तावेज़ ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित हो जाते हैं (जिसमें 2 कार्य दिवस लग सकते हैं), इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को संख्या क्र. 1 से 06 के लिए ई-नीलामी तिथि- 08/06/2026 व समय सुबह 11.00 बजे से पहले पोर्टल पर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाइन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि हस्तांतरित करनी होगी। पंजीकरण, केवाईसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी का हस्तांतरण नीलामी की तारीख से पहले ही पूरा किया जाना चाहिए। नियम और शर्तें- बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों व शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:- 1. संपत्तियों को "जैसा है जहां है" और "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची मे निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. संपत्ति की बिक्री संख्या क्र.1 से 06 के लिए ई-नीलामी तिथि- 08/06/2026 व समय सुबह 11.00 बजे वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com एवं www.pnbindia.in देखें. इस नीलामी के अंग्रेजी में जानकारी के लिए Central Chronicle दिनांक 19.05.2026 में प्रकाशित समाचार पत्र देखें। किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा.

नोट:- इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई-डी व पासवर्ड स्वयं बानाना हैं। जिसे बनाने में न्युनतम 2 दिन का समय लगता हं। अतः बोलीकर्ता से निवेदन हं कि यूजर आई-डी अंतिम तिथी से पूर्व ही बना ले।
दिनांक: 19.05.2026, स्थान: रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित लेनदार